font>

Title: Need to declare economic package for development of industries in Bhiwadi city, Rajasthan- Laid.

डॉ0 जसवंतसिंह यादव (अलवर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य के अलवर जिले का भिवाड़ी शहर एक औद्योगिक क्षेत्र है, परन्तु उपयुक्त सुविधाओं के अभाव में यहां पर उद्योगों का विकास रूका हुआ है। भिवाड़ी शहर की समस्यायें निरन्तर बढ़ रही हैं मगर इस तरफ न तो राज्य सरकार समुचित ध्यान दे रही है और न ही भिवाड़ी औद्योगिक विकास प्राधिकरण। कुछ राज्य सरकारें जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल की सरकारें उद्योगपतियों को अनेक प्रकार की रियायतें दे रही है तथा उद्योगों का विकास करने के लिए आर्थिक पैकेज तैयार करके उनको कार्यान्वित किया जा रहा है लेकिन यह बड़े ही दुख की बात है कि भिवाड़ी शहर के उद्योगपतियों के होने से भिवाड़ी शहर नोएडा व गुड़गांव जैसे औद्योगिक क्षेत्रों से मुकाबला नहीं कर सकता।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि भिवाड़ी जैसे औद्योगिक शहर में उद्योगों का विकास करने हेतु संबंधित उद्योगपतियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर आर्थिक पैकेज की घोाणा करके उनको क्रियान्वित किया जाये ताकि शहर का विकास तेजी से हो सके।